StudentBounty.com

# अंतर्राष्ट्रीय भारतीय विद्यालय, दम्माम

## द्वितीय औपचारिक परीक्षा २०१३

**Set-B**

विषय - हिन्दी    कक्षा - छठी    अंक : 90    समय : 3 घंटे

निर्देश :
१) इस प्रश्न पत्र के दो खंड हैं क और ख ।
२) प्रश्न संख्या सावधानी पूर्वक लिखें ।
३) इस प्रश्न पत्र में कुल १९ प्रश्न हैं ।

**खंड - क**

**प्र.1 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** 4 x 2 = 8

क) आश्रम में काम करने या करवाने का कौनसा तरीका गांधीजी अपनाते थे ?

ख़) मौखिक भाषा का जीवन में क्या महत्व होता है ?

**प्र.2 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** 3 x 3 = 9

क) बाँस को बूढ़ा कब कहा जाता है ?
बूढ़े बाँस में कौन सी विशेषता होती हैं जो युवा बाँस में नहीं पाई जाती हैं ?

ख़) लंदन में भोज पर बुलाये जाने पर गांधीजी ने क्या किया ?

ग) तुम्हारी माँ तुम्हारे लिए क्या क्या काम करती है ? लिखो ।

**प्र.3 - निम्नलिखिन प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** 4 x 2 = 8

क) 'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता में सब से छोटे होने की कल्पना क्यों की गई है ?

ख़) आश्रम में गांधीजीने कॉलेज के छात्रों से कौन सा काम करवाया और क्यों ?

ग) कवि ने चाँद से गप्पे किस दिन लगाई होंगी ?

घ) बाँस की बुनाई मानव के इतिहास से कब आरंभ हुई होगी ?

**प्र.4 - निम्न प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए - (कोई पाँच) -** 5 x 1 = 5

क) गांधीजी के आश्रम का क्या नाम था ?

ख़) वृत्त के चारों ओर रेखाईं खीचने पर कौनसा चित्रा बन जाता था ?

ग) 'आप पहने हुए हैं कुल आकाश' के माध्यम से लड़की क्या कहना चाहती है ?

ड) हमारी धरती लगभग कितने अरब साल पुरानी है ?

च) जादूगर की कब्र कितने दिन बाद खोदी गई ?

छ) कवि मिलकर बोझ उठाने को क्यों कह रहा है ?

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

**प्र.5 -** **निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए** -

क) अस्वस्थ ख़) अनुकरण ग) निर्भर ड) द्योतक

**प्र.6 -** **निम्न शब्दों के वाक्य में प्रयोग कीजिये** 5 x 1 = 5

क) तादाद ख़) कल्पना ग) तरकीब घ) हुनर ड) सहायता

**प्र.7 -** **'मेरा विद्यालय' इस विषय पर अनुच्छेद लिखिए** - 5

## खंड - ख

**प्र.8 -** **निम्नरेखांकित शब्दों के संज्ञा के भेद लिखिए** - 4 x 1 = 4

1) नेहरुजी भारत के प्रथम प्रधान मंत्री थे ।
2) मैं रोज आइस्क्रीम खाता हूँ ।
3) मेज पर पुस्तक रख दो ।
4) बाजार में बहुत भीड होती है ।

**प्र.9 -** **निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिये** - 2 x 1 = 2

क) डालों पर मैना बैठी है ।

ख) मुझे चाहिए कुछ ताजे सेब ।

**प्र.10 -** **निम्नलिखित अशुद्ध शब्द शुद्ध कीजिये (कोई दो)** - 2 x 1 = 2

क) आषरम ख) विधी ग) निरभय

**प्र.11 -** **निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए उचित शब्द लिखिए** - 3 x 1 = 3

क) जो पढ़ने योग्य हो

ख) जो पुरुष कविता रचता है

ग) विज्ञान से संबंध रखने वाला

**प्र.12 -** **निम्नलिखित शब्दों के दो दो पर्यायवाची शब्द लिखिए** - 3 x 1 = 3

अ) आँख ब) घर क) पक्षी

**प्र.13 -** **निम्नलिखित शब्दों के विलोमशब्द लिखिए** - 4 x 1 = 4

क) सुपुत्र ख) आदान ग) एकता घ) आदि

**प्र.14 -** **निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए** - 4 x 1 = 4

क) डिबिया ख) वस्तु ग) शाखा घ) चींटी

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

**प्र.15 -** **निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए -**

क) चूहा ख) ठाकुर ग) बालक घ) सखा

**प्र.16 -** **निर्देशानुसार उत्तर लिखिए -** 5 x 1 = 5

1) पुस्तकालय में बहुत सारी ------------- हैं। (पुस्तक\पुस्तकें)
2) गांधीजी के मित्र के पत्नी का --------------------- नाम है।
(श्रीमती पोलक\श्रीमती पाठक)
3) मैं सब से छोटी होऊँ तेरी गोदी में --------- ।(गाऊँ\सोऊँ)
4) ------------ फल खाये। (मैंने\में)
5) चाँद से थोड़ी सी गप्पे कविता के कवि का नाम -------------------------- है।
शमशेर बहादुर सिंह\तेजबहादुर सिंह)

**प्र.17 -** **दिये गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए -** 5 x 1 = 5

मेहनत अपनी लेख की रेखा मेहनत से क्या डरना
कल गैरों की खातिर की आज अपनी खातिर करना
अपना दुख भी एक है साथी, अपनी मंज़िल सच की मंज़िल, अपना रास्ता नेक

i. हमें किस से नहीं डरना है ?
अ) अँधेरा ब) खतरा क) मेहनत

ii. अपनी मंजिल कैसी मंजिल है ?
अ) सच ब) झूठ क) दुख

iii. 'दुख' शब्द का विलोम शब्द है ?
अ) हँसी ब) खुशी क) सुख

iv. इस गीत के गीतकार कौन हैं ?
अ) साहिर लुधियानवी ब) शमशेर बहादुर सिंह क) सुमित्रानंदनपंत

v. उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक लिखिए -
अ) चाँद से थोड़ी सी गप्पें
ब) साथी हाथ बढ़ाना
क) मैं सबसे छोटी होऊँ

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

**प्र.18 -** <u>पठित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए</u> -

अक्षरों की खोज मनुष्य की सबसे बड़ी खोज है | अक्षरों की खोज करने के बाद मनुष्य अपने विचारों को लिखकर रखने लगा | इस प्रकार एक पीढ़ी का ज्ञान का इस्तेमाल दूसरी पीढ़ी करने लगी | अक्षरों की खोज करने के बाद पिछले छह हजार सालों में मानव जाती का तेजी से विकास हुआ है |यह महत्व है अक्षरों का और उनसे बनी लिपिओं का | अतः हम सब को अक्षरों की कहानी मालूम होनी चाहिए |

i. मनुष्य की सबसे बड़ी खोज कौन सी है ?
   - अ) आँकड़ों की
   - ब) अक्षरों की
   - क) चित्रों की

ii. एक पीढ़ी दूसरी पीढ़ी का क्या इस्तेमाल करने लगे ?
   - अ) ज्ञान
   - ब) दिमाग
   - क) मस्तिष्क

iii. मानव जाती का विकास कब हुआ है ?
   - अ) दो हजार सालों में
   - ब) दस हजार सालों में
   - क) छह हजार सालों में

iv. 'मानव' शब्द का निम्न विलोम. शब्द है ?
   - अ) दानव
   - ब) इंसान
   - क) जानवर

v. उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?
   - अ) अक्षरों का महत्व
   - ब) साँस साँस में बॉस
   - क) नौकर

**प्रश्न.19 -** <u>निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढकर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए</u> - 5 x 1 = 5

चीन, कोरिया और जापान में खेला जानेवाला कुंग-फु खेल अब पूरी दुनिया में खेला जाता है, जिस में नायक और खलनायक 30 फीट तक उछल कर एक दूसरे पर प्रहार करते हैं | कुंग-फु खेल के आविष्कार की बड़ी ही रोचक कथा है | दो हज़ार वर्ष पूर्व एक चीनी चिकित्सक 'हुआ-तु' ने इसका आविष्कार किया था | इस व्यायाम से लोगों ने महसूस किया की उनका मस्तिष्क आराम पाता है और शरीर में ऊर्जा का संचार होता है | इस खेल से आत्मसुरक्षा की भावना जाग्रत होती है |

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

i. कुंग-फु खेल की शुरुआत सब से पहले किन देशों में हुई ?
   क) नेपाल, चीन, तिब्बत
   ख) चीन, कोरिया, जापान
   ग) नेपाल, चीन, कोरिया

ii. कुंग-फु खेल का आविष्कार किस ने किया ?
   क) हुआ-तु
   ख) खुफा-चे
   ग) हुआ-से

iii. 'हुआ-तु" कौन थे ?
   क) जापानी चिकित्सक
   ख) नेपाली चिकित्सक
   ग) चीनी चिकित्सक

iv. इस खेल से कौन सी भावना जाग्रत होती है ?
   क) दूसरों की सुरक्षा
   ख) आत्मसुरक्षा
   ग) जनसुरक्षा

v. 'शरीर' इस शब्द के पर्यायवाची शब्द -
   क) देह, काया
   ख) देह, मस्तिष्क
   ग) देह, दिमाग

**- समाप्त -**

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers